अनुभाग

3

स्पर्धारोधी अनुपालन

A. सारांश

B. प्रासंगिकता

C. नीति

D. कार्यविधियां

E. सन्दर्भ

आचार संहिता

© United Technologies Corporation 2016

सारांश

जहाँ कहीं भी कॉर्पोरेशन व्यापार करता है, कॉर्पोरेशन और उसके कर्मचारी वहाँ लागू समस्त स्पर्धारोधी कानूनों (जिन्हें कुछ देशों में प्रतिस्पर्धा कानून भी कहा जाता है) का सख़्ती से अनुपालन करेंगे। इन कानूनों को प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने और उपभोक्ताओं को अनुचित व्यापारिक व्यवस्थाओं एवं प्रथाओं से सुरक्षित रखने के लिए बनाया गया है। स्पर्धारोधी कानूनों के उल्लंघनों का परिणाम गम्भीर दंडों के रूप में प्राप्त हो सकता है। इन दंडों में शामिल हैं कॉर्पोरेशन के लिए भारी-भरकम जुर्माने और व्यापारिक प्रतिबन्ध तथा साथ ही अलग-अलग कर्मचारियों के लिए जुर्माने और कारावास। सरकारी मुकद्दमों के अतिरिक्त, निजी पक्ष भी अभियोग चला सकते हैं और क्षति अधिनिर्णय भारी-भरकम हो सकते हैं, साथ ही मुकद्दमों में प्रतिरक्षा के लिए उपगत कानूनी शुल्क भी भारी-भरकम हो सकते हैं, फिर भले ही अन्त में कॉर्पोरेशन ही क्यों न जीते। तदनुसार प्रत्येक व्यक्ति, भले ही कॉर्पोरेशन में वह किसी भी स्थिति या पद पर हो, लागू स्पर्धारोधी कानूनों के अनुपालन के लिए उत्तरदायी है।

A. उपयुक्तता

यह नीति समस्त कर्मचारियों और कॉर्पोरेशन तथा दुनिया भर में उसकी समस्त सहायक इकाईयों, प्रभागों तथा उसके द्वारा नियन्त्रित अन्य व्यापारिक संस्थाओं/कम्पनियों की गतिविधियों पर लागू होती है।

B. नीति

कॉर्पोरेशन और उसके कर्मचारी समस्त लागू स्पर्धारोधी कानूनों का सख़्ती से अनुपालन करेंगे। प्रत्येक कर्मचारी के लिए कॉर्पोरेशन की स्पर्धारोधी नीतियों और प्रक्रियाओँ का अनुपालन करना आवश्यक है, इसमें व्यापारिक इकाईयों ने विशिष्ट रूप से जो भी नीतियाँ जारी की हों वे सभी शामिल हैं। कॉर्पोरेशन और उसकी व्यापारिक इकाईयाँ समय-समय पर स्पर्धारोधी शैक्षिक कार्यक्रम (इसमें इंटरनेट के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रस्तुत कार्यक्रम शामिल हैं) तथा साथ-ही-साथ स्पर्धारोधी अनुपालन समीक्षाएं संचालित करेंगे जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि उसके अधिकारी तथा कर्मचारी कॉर्पोरेशन के व्यापार का संचालन विधि-सम्मत ढंग से करते हैं। यह प्रशिक्षण वहाँ विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जहाँ कर्मचारियों के कर्तव्य उन्हें प्रतिस्पर्धियों के सम्पर्क में लाते हैं अथवा उनमें मूल्य-निर्धारण, मूल्य-निर्धारण नीतियाँ, बिक्री के नियम अथवा विपणन सम्बन्धी अन्य उत्तरदायित्व शामिल होते हैं।

संयुक्त राज्य अमेरिका से बाहर की गतिविधियाँ संयुक्त राज्य अमेरिका तथा अन्य देशों के स्पर्धारोधी कानूनों के अधीन हो सकती हैं। तदनुसार, जो इकाईयाँ अमेरिका से बाहर व्यापार कर रही हैं उन्हें स्थानीय अधिकार-क्षेत्र, संयुक्त राज्य अमेरिका तथा मुद्दे के अधीन व्यापारिक आचरण से प्रभावित किन्हीं भी अन्य देशों के स्पर्धारोधी कानूनों समेत समस्त लागू स्पर्धारोधी कानूनों से अवगत तथा उनका अनुपालक अवश्य होना चाहिए। क्षेत्र विशिष्ट स्पर्धारोधी मार्गदर्शन के लिए **अनुभाग E. - सन्दर्भ में सन्दर्भों की मदद लें।**

स्पर्धारोधी कानून जटिल हैं और किसी व्यापार अथवा किसी लेनदेन पर उनकी प्रयोज्यता अर्थात उनका लागू होना कई प्रकार के कारकों पर निर्भर करता है। मुद्दों के उठने के साथ-साथ, आपको इस

© United Technologies Corporation 2016

नीति का पुनरावलोकन करना चाहिए और अपने कानूनी विभाग से परामर्श करना चाहिए। लेकिन, अनुचित आचरण के आभास तक की रोकथाम करने के लिए आपको निम्नांकित दिशा-निर्देशों का अवश्य पालन करना चाहिए:

1. *प्रतिस्पर्धियों के साथ परस्पर संवाद।* किसी भी प्रतिस्पर्धी (उस कम्पनी के रूप में परिभाषित जो कॉर्पोरेशन के विरुद्ध व्यापार प्राप्त करने की कोशिश कर रही है) या सम्भावित प्रतिस्पर्धी के साथ/से (मौखिक, लिखित या इलेक्ट्रॉनिक में से किसी भी रूप में, निम्नांकित के सम्बन्ध में सहमत न हों, चर्चा अथवा संवाद न करें:

    - कीमतें और कीमतों से सम्बन्धित जानकारियाँ;
    - मूल्य-निर्धारण नीतियाँ अथवा कीमतों में प्रस्तावित या नियोजित बदलाव;
    - छूट, रियायत, उधार/ऋण अथवा बिक्री के अन्य नियम या शर्तें;
    - लागतें, मुनाफ़े, मुनाफ़े के मार्जिन, क्षमता या क्षमता का उपयोग;
    - व्यापार विशेष पर बोली लगाने या नहीं लगाने की अतीत की या भावी योजनाएं;
    - जारी या नियोजित अनुसंधान, विकास, नवीन उत्पाद प्रस्तुति, सुधार अथवा विपणन/प्रचार-प्रसार पद्धतियाँ;
    - किसी तृतीय पक्ष (ग्राहक, प्रतिस्पर्धी या आपूर्तिकर्ता) के साथ क्रय-विक्रय करने से इनकार कर देना; और
    - ग्राहक विशिष्ट जानकारी।

2. *लेन-देन।* संयुक्त उपक्रमों, विलयों, अधिग्रहणों, वंचन (डाइवेस्टिचर), समूहन (टीमिंग) व्यवस्थाएं अथवा आपूर्ति लेन-देन।

3. *प्रतिस्पर्धात्मक जानकारी।* हमारे व्यापार अपने उत्पादों तथा सेवाओं की पेशकश और बिक्री करते समय और आपूर्तियों की खरीद करते समय अपने स्वयं के एकपक्षीय निर्णय लेते हैं। किसी उत्पाद या सेवा के लिए किसी व्यापार की कीमतें तथा बिक्री नियम तय करने से पहले आप प्रतिस्पर्धियों की कीमतों तथा नियमों पर विचार कर सकते हैं; लेकिन आपको इस तरह की जानकारी को बाज़ार के केवल सामान्य माध्यमों से प्राप्त करना चाहिए, जैसे कि ग्राहक और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आँकड़े, और प्रतिस्पर्धियों के साथ प्रत्यक्ष या परोक्ष संवाद के जरिए ऐसा नहीं करना चाहिए। आपको प्रतिस्पर्धियों की कीमतों से सम्बन्धित किसी भी जानकारी अथवा अन्य सम्वेदनशील प्रतिस्पर्धात्मक जानकारियों के स्रोत को अपनी फ़ाइलों में प्रलेखित भी करना चाहिए। प्रतिस्पर्धात्मक जानकारी एकत्रित करना – **अनुभाग E. - सन्दर्भ** देखें।

4. *व्यापार संघ।* चूंकि किसी व्यापार संघ की सदस्यता में आमतौर पर प्रतिस्पर्धियों के साथ सम्पर्क शामिल होता है, अतः किसी भी व्यापार संघ की सदस्यता को अग्रिम रूप से आपके व्यापारिक इकाई प्रबन्धन द्वारा तथा कानून विभाग द्वारा अनुमोदित अवश्य करवा लिया जाना चाहिए और व्यापार संघ में समस्त सहभागिता को, कॉर्पोरेशन द्वारा समस्त कर्मचारियों को प्रदान किए जाने वाले स्पर्धारोधी मार्गदर्शन, आपकी व्यापारिक इकाई की व्यापार संघ नीति तथा कॉर्पोरेशन द्वारा जारी एवं वैश्विक कर्मचारियों के लिए स्पर्धारोधी मार्गदर्शिका में निहित व्यापार संघ दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित होना चाहिए – **अनुभाग E. - सन्दर्भ**।

5. *ग्राहकों एवं आपूर्तिकर्ताओं के साथ समझौते।* जो प्रतिस्पर्धी नहीं हैं (जैसे कि ग्राहक, वितरक, आपूर्तिकर्ता आदि) उनके सम्बन्ध में स्पर्धारोधी कानून आमतौर पर कम प्रतिबन्धात्मक होते हैं। लेकिन, जहाँ व्यापार को महत्वपूर्ण बाज़ार स्थिति से युक्त देखा जा सकता हो वहाँ ग्राहकों, वितरकों अथवा आपूर्तिकर्ताओं के साथ कुछ खास अनुबन्धीय व्यवस्थाओं को प्रतिस्पर्धा के लिए हानिकारक होने के रूप में देखा जा सकता है। इस प्रकार की व्यवस्थाओं में अपवर्जन अथवा अनन्यता या फिर सर्वाधिक वरीय राष्ट्र (मोस्ट फ़ेवर्ड नेशन) सम्बन्धी प्रावधान, कीमतों को लागत से कम रखना, कई उत्पादों को बंडल रूप में पेश करना, किसी एक उत्पाद या सेवा को किसी अन्य उत्पाद या सेवा से बाँध देना, किसी ग्राहक, वितरक या आपूर्तिकर्ता, जो सम्भावित प्रतिस्पर्धी भी हो सकता है, के साथ क्रय-विक्रय करना समाप्त कर देना शामिल हैं। ऐसी कोई भी व्यवस्था करने से पहले विधि विभाग से सम्पर्क करें और विधिक अनुमोदन प्राप्त करें।

D. प्रक्रियाएँ

यदि स्पर्धारोधी अनुपालन या इस नीति के सम्बन्ध में आपेक मन में कोई प्रश्न हो तो कानून विभाग से सम्पर्क करें। स्पर्धारोधी कानूनों और उनसे सम्बन्धित कॉर्पोरेशन की नीतियों तथा प्रक्रियाओं की अधिक विशिष्ट एवं विस्तृत चर्चा के लिए नीचे अनुभाग E. - सन्दर्भ में सन्दर्भ देखें।

E. सन्दर्भ

कर्मचारियों के लिए वैश्विक स्पर्धारोधी मार्गदर्शिका
प्रतिस्पर्धात्मक जानकारी एकत्रित करना

© United Technologies Corporation 2016